Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to register the births of child of Daman & Diu born in hospitals outside Daman and Diu.

श्री लालूभाई बी. पटेल (दमन और दीव): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं । मैं आपके माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि जिस बच्चे का दमन और दीव के अस्पताल में जन्म नहीं होता है, उनके घर में होता है, तो उनको प्रशासन दमन, दीव में रजिस्टर नहीं करते । इन बच्चों का जन्म दमन या दीव के भौगोलिक क्षेत्र में इसलिए नहीं हो पाता, क्योंकि उनका जन्म वैकेशन में गई हुई माता के घर में होता है । हमारे संस्कार की वजह से वह अपने बच्चे का जन्म अपने पीहर में ही करती है या फिर काम्प्लिकेशन की वजह से इसका निवारण दमन या दीव में नहीं हो सकता है । ट्रीटमेंट के लिए उनको दमन या दीव के बाहर किसी हास्पिटल में जाना पड़ता है ।

मेरा आपके माध्यम से गृह मंत्री जी से आग्रह है कि दमन और दीव के ऐसे जन्मे बच्चे का पंजीकरण दमन या दीव में ही करें, ताकि इन बच्चों को दमन और दीव के प्रशासन द्वारा दी जाने वाली सभी स्कीम्स का लाभ प्राप्त हो ।